CS (MAIN) Exam : 2017

**STH–D–GEO**

# भूगोल (प्रश्न-पत्र–II)

| समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250 |
|---|---|

## प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाएँ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

# GEOGRAPHY (PAPER–II)

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |
|---|---|

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.



www.examrace.com

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** *(a)* आपको दिए गए भारत के रेखामानचित्र पर निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए। अपनी क्यू॰ सी॰ ए॰ पुस्तिका में इन स्थानों में से प्रत्येक का भौतिक/वाणिज्यिक/आर्थिक/पारिस्थितिक/पर्यावरणीय/सांस्कृतिक महत्त्व अधिकतम *30* शब्दों में लिखिए :

On the outline map of India provided to you, mark the location of all of the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations, whether physical /commercial/economic/ecological/environmental/cultural, in not more than *30* words for each entry : 2×10=20

*(i)* थुम्बा

Thumba

*(ii)* नयाचर द्वीप

Nayachar Island

*(iii)* डोडाबेट्टा

Doddabetta

*(iv)* देवस्थल

Devasthal

*(v)* पांगोंग झील

Pangong Lake

*(vi)* हम्पी

Hampi

*(vii)* हैवलॉक द्वीप

Havelock Island

*(viii)* लूनी नदी

Luni River

*(ix)* दरिनूग्बदी

Daringbadi

*(x)* दूधसागर जलप्रपात


Dudhsagar Waterfalls



www.examrace.com

# INDIA

WITH AFGHANISTAN, BANGLADESH, BHUTAN, NEPAL, MYANMAR (BURMA), PAKISTAN AND SRI LANKA






www.examrace.com

(b) भारत में 2017 में मानसूनी वर्षा के वितरण के असामान्य प्रतिरूप का तर्कयुक्त विवरण दीजिए।

Give a reasoned account of unusual pattern of distribution of monsoonal rainfall in India in 2017. 10

(c) सतलुज-यमुना योजक नहर परियोजना के क्रियान्वयन में निहित अन्तर्राज्यीय मुद्दों को स्पष्ट कीजिए।

Explain the inter-State issues involved in implementation of the Satluj-Yamuna Link Canal Project. 10

(d) भारत में छोटे नगरों की अपनी समस्याएँ एवं संभावनाएँ हैं। विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए।

Small towns in India have problems and prospects of their own. Elaborate. 10

**2.** (a) भारत में अलवण जल संकट का विवेचन कीजिए तथा उसके संधारणीय (सस्टेनेबल) प्रबंधन की एक रूप-रेखा तैयार कीजिए।

Discuss the freshwater crisis in India and prepare a blueprint for its sustainable management. 20

(b) भारत में नक्सल-प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कीजिए तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं का विवेचन कीजिए।

Identify the Naxal-affected areas in India and discuss their socio-economic problems. 15

(c) भारत में वायुमार्गों के एक व्यापक नेटवर्क का विकास करने की साध्यता का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Critically examine the feasibility of development of a comprehensive network of airways in India. 15

**3.** (a) ''एक प्रभावी त्रिस्तरीय पंचायत राज तंत्र भारत में बहुस्तरीय आयोजना के ऊर्ध्वोन्मुखी उपागम को बल प्रदान करेगा।'' व्याख्या कीजिए।

"An effective three-tier Panchayat Raj System will strengthen the bottom-up approach to multilevel planning in India." Explain. 20

(b) ''भाषायी विविधता भारत में एक परिसंपत्ति है तथा साथ-साथ चुनौती भी है।'' इस कथन की व्याख्या, भाषाओं के वितरण पर तथा संबंधित मुद्दों के हल के लिए उठाए गए प्रमुख कदमों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कीजिए।

"Linguistic diversity is an asset as well as a challenge in India." Explain the statement focussing on the distribution of languages and the major steps taken to address the related issues. 15



www.examrace.com

(c) भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटन को अर्थव्यवस्था के एक महत्त्वपूर्ण स्रोत के रूप में किस प्रकार विकसित किया जा सकता है?

How may tourism in hilly areas of India be developed as an important source of economy? 15

4. (a) भारत में नगरों के प्रकार्यात्मक वर्गीकरण की विभिन्न विधियों का उल्लेख कीजिए तथा अशोक मित्रा द्वारा अनुप्रयुक्त विधि को स्पष्ट कीजिए।

Mention various methods of functional classification of towns in India and explain the method applied by Asok Mitra. 20

(b) भारत में किसानों द्वारा आत्महत्या कृषि-भूमि संबंधी प्रमुख समस्याओं में से एक है। महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश एवं पंजाब का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए इसके कारणों पर प्रकाश डालिए एवं उपचारात्मक उपाय सुझाइए।

Farmers' suicide is one of the major agrarian problems in India. Bring out its causes and suggest the remedial measures with special reference to Maharashtra, Andhra Pradesh and Punjab. 15

(c) भारत में आधुनिक कृषि के लिए भूमि सुधार एक कुंजी है। स्वतंत्रता के बाद इस दिशा में किए गए विभिन्न उपायों का वर्णन कीजिए।

Land reform is a key to modern agriculture in India. Describe various measures taken in this direction after Independence. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में लिखिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) भारत सरकार द्वारा चिह्नित क्षेत्रों में प्रादेशिक असंतुलनों को कम करने में 'पहाड़ी परिवहन सहायिकी योजना' की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

Explain the role of 'Hill Transport Subsidy Scheme' in reducing regional imbalances in areas identified by the Government of India.

(b) भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में डोकलाम विवाद के भूराजनीतिक परिणामों पर प्रकाश डालिए।

Bring out the geopolitical implications of Doklam dispute in the context of Indo-China relations.

(c) भारतीय प्रादेशिक नौसंचालन उपग्रह तंत्र (आइ० आर० एन० एस० एस०) के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

Bring out the significance of Indian Regional Navigation Satellite System (IRNSS).


www.examrace.com

(d) लघु इस्पात संयंत्र भारत में लौह व इस्पात उद्योग के विकेन्द्रीकरण में एक उपकरण के रूप में कार्य कर सकते हैं। व्याख्या कीजिए।

Mini steel plants can act as an instrument of decentralization of iron and steel industry in India. Explain.

(e) वस्तु एवं सेवा कर (जी० एस० टी०) का देश के विकसित एवं पिछड़े राज्यों पर विभेदक प्रभाव है। किस प्रकार और क्यों?

Goods and Services Tax (GST) has differential impact on developed and backward States of the country. How and why?

**6.** (a) हो सकता है कि नदियों का परस्पर युग्मन भारत में आश्वासित सिंचाई का और बारहमासी अंतःस्थलीय नौसंचालन का एक प्रमुख स्रोत के रूप में कार्य करे। भौतिक, आर्थिक एवं पारिस्थितिक परिणामों को ध्यान में रखते हुए इसकी साध्यता पर टिप्पणी कीजिए।

Interlinking of rivers may serve as a major source of assured irrigation and all-weather inland navigation in India. Comment on its feasibility taking into account physical, economic and ecological implication. 20

(b) धार्मिक अल्पसंख्यक अधिकांशतः भारत के सीमावर्ती राज्यों में संकेन्द्रित हैं। इसके कारणों एवं परिणामों की विवेचना कीजिए।

Religious minorities are largely concentrated in border States of India. Discuss its causes and consequences. 15

(c) मृदा प्रदूषण से आप क्या समझते हैं? भारत में मृदा प्रदूषण के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों को निरूपित कीजिए तथा इसके उपचारात्मक उपाय सुझाइए।

What do you understand by soil pollution? Delineate the areas vulnerable to it in India and suggest remedial measures. 15

**7.** (a) सड़क और रेल जालतंत्रों का एक पूरक ढाँचे में एकीकृत विकास, प्रादेशिक विकास के लिए एक पूर्व-आवश्यकता है। भारत के पूर्वोत्तर प्रदेश के संदर्भ में इसको स्पष्ट कीजिए।

Integrated development of road and rail networks in a complementary framework is a prerequisite for regional development. Explain with reference to North-Eastern Region of India. 20

(b) सागर माला परियोजना की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए तथा भारत में तटीय प्रदेशों के पत्तन-आधारित विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालिए।

Describe the salient features of Sagar Mala Project and highlight its role in port-led development of coastal regions in India. 15



www.examrace.com

(c) मेघालय को प्रायद्वीपीय भारत में सम्मिलित करने का औचित्य बताइए तथा वहाँ की वनस्पति एवं मृदा प्रकारों की विवेचना कीजिए।

Justify the inclusion of Meghalaya in Peninsular India and discuss its vegetation and soil types. 15

**8.** (a) भारत के प्रमुख औद्योगिक प्रदेशों के नाम, उनकी पहचान के आधारों को इंगित करते हुए, बताइए। उनकी मूलभूत समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

Name the major industrial regions of India indicating the bases of their identification. Highlight their basic problems. 20

(b) प्रायद्वीपीय भारत में अपवाह प्रतिरूप उसकी भूवैज्ञानिक संरचना एवं स्थलाकृति का परिणाम है। सविस्तार स्पष्ट कीजिए।

Drainage pattern in Peninsular India is a result of its geological structure and topography. Elaborate. 15

(c) क्या कारण है कि भारत में सौर ऊर्जा की उच्च संभाव्यता के होते हुए भी उसको वांछित स्तर तक विकसित नहीं किया गया है?

Why has solar energy in India not been developed to desired level in spite of its high potential? 15

★ ★ ★



www.examrace.com